नूँह ज़िले के फतेहपुर गाँव में वाहन स्क्रैपिंग फेसिलिटी सेंटर का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

10 मई, 2022 को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी ने नूँह ज़िले के फतेहपुर गाँव में रजिस्टर्ड वाहन स्क्रैपिंग फेसिलिटी सेंटर का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाई गई वाहन स्क्रैपिंग पॉलिसी से प्रदूषण में कमी आएगी, वहीं ऑटोमोबाइल क्षेत्र में कम लागत के साथ उत्पादन की क्षमता भी बढ़ेगी।
- इस नीति से सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि कॉपर, स्टील, एल्युमीनियम, रबड़ और प्लास्टिक आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।
- गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2021 में वाहन स्क्रैपिंग नीति **(Vehicle Scrapping Policy)** की घोषणा की गई थी, जिसके प्रमुख बिंदु निम्नलिखित हैं-
- पुन: पंजीकरण कराने से पूर्व 15 वर्ष से अधिक पुराने वाणिज्यिक वाहनों और 20 वर्ष से अधिक पुराने निजी वाहनों को एक फिटनेस टेस्ट पास करना होगा।
- पुराने वाहनों का परीक्षण स्वचालित फिटनेस केंद्र में किया जाएगा, यहाँ वाहनों का फिटनेस टेस्ट अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर किया जाएगा।
- राज्य सरकारों को सलाह दी जाती है कि वे निजी वाहनों के लिये 25% तक और व्यावसायिक वाहनों हेतु 15% तक रोड-टैक्स में छूट प्रदान करें ताकि पुराने वाहनों के मालिकों को पुराने तथा अनफिट वाहनों को हटाने के लिये प्रोत्साहित किया जा सके।
- वाहन निर्माताओं द्वारा 'स्क्रैपिंग सर्टिफिकेट' दिखाने वालों को नई गाड़ी लेने पर 5% की छूट दी जाएगी, साथ ही नए वाहन के पंजीकरण शुल्क में भी छूट दी जाएगी।
- 15 वर्ष या इससे पुराने वाहनों के पुन: पंजीकरण शुल्क को बढ़ाकर ऐसे वाहनों के प्रयोग को हतोत्साहित किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-vehicle-scraping-facility-center-at-fatehpur-village-in-nuh-district